



MS. OINAM BEMBEM DEVI

Ms. Oinam Bembem Devi is a well known footballer also known as "Durga of Indian football". She is also working as an Asst. Sub-Inspector of Police in Home Department, Govt. of Manipur.

2. Born on 1st March, 1980 Ms. Bembem Devi graduated from Manipur University in Arts stream in 2003. By playing football as a player she completed AFC "B" license Coaching Award Course in Coaching in the year 2015. She won the AIFF footballer of the year of India twice in 2001 and 2013. She has been nick-named as 'The Rebel' in FIFA Bulletin (FIFA WEEKLY).

3. Ms. Bembem Devi has represented Indian National team for 21 years from 1995 to 2016. She Caps 85 times in which 7 times as captain of the Indian National Team and also 12 times as Captain of Manipur State team. She represented India in 13th Asian Game 1998; 11th South Asian Game as Captain; 2nd SAFF Women's Football Championship as Captain; 17th Asian games Captain; 3rd SAFF Championship as Captain; 12th South Asian games as Captain. She was the 1st Women football player to play aboard twice in 2014 & 2015 in Maldives Professional league. She become the top Scorer and the best player of the Tournament.

4. After retirement from competitive football, Ms. Bembem Devi has started her coaching career as Head Coach cum Captain and has participated in several tournaments such as 1st Indian women league 2016-2017 (Winner); Coach of the Manipur State team 22nd Sr. National Women football Championship (Winner); Coach of the 2nd IWL 2018 (Runner up); Assistant Coach of U-15 Girls SAFF Championship 2018 (Winner); Assistant coach of AFC U-16 Girls Championship 2019 Qualifiers round 1 2018 (Runner-up); Manager of 3rd IWL 2019 (Runner-up); Coach of Manipur State team 25th Senior National women football championship 2019 (Winner); Head coach of Cheetah team of U-17 women's championship 2019.

5. Ms. Oinam Bembem Devi is the recipient of numerous awards and honours. She has been conferred AIFF player of the year twice in the year 2001 & 2013 and also received best footballer of the year 2001 & 2014 of Manipur State. The Government of India conferred on her "Arjuna Award" in 2017.





सुश्री ओइनम बेमबेम देवी

सुश्री ओइनम बेमबेम देवी फुटबॉल की एक सुप्रसिद्ध खिलाड़ी हैं और उन्हें 'भारतीय फुटबॉल की दुर्गा' के रूप में जाना जाता है। वह मणिपुर सरकार के गृह विभाग में असिस्टेंट पुलिस सब–इंस्पेक्टर के रूप में कार्य कर रही हैं।

2. 1 मार्च, 1980 को जन्मी मिस बेम बेम देवी ने 2003 में मानविकी विषय में मणिपुर यूनिवर्सिटी से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। एक खिलाड़ी के रूप में, फुटबॉल खेल कर उन्होंने वर्ष 2015 में कोचिंग में एएफसी 'बी' लाइसेंस कोचिंग अवार्ड कोर्स पूरा किया। उन्होंने वर्ष 2001 और 2013 में दो बार भारत का एआईएफएफ फुटबॉल ऑफ द ईयर जीता। फीफा बुलेटिन (फीफा वीकली) में उनका उपनाम 'द रेबल' रखा गया है।

3. सुश्री बेमबेम देवी ने 1995 से लेकर 2016 के दौरान 21 वर्ष तक भारत की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 85 मैचों में कप्तानी की, जिनमें 7 बार भारतीय राष्ट्रीय टीम की और 12 बार मणिपुर राज्य की टीम की कप्तान बनी। उन्होंने 13वें एशियाई खेल में 1998 में 11वें दक्षिण एशियाई खेलों में कप्तान के रूप में; द्वितीय दक्षिण एशियाई फुटबॉल फेडरेशन महिला फुटबॉल चौंपियनशिप में कप्तान के रूप में; 17वें एशियाई खेलों में कप्तान के रूप में; तृतीय दक्षिण एशियाई फुटबॉल फेडरेशन चौंपियनशिप में कप्तान के रूप में; 12वें दक्षिण एशियाई खेलों में कप्तान के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह पहली महिला फुटबॉल खिलाड़ी हैं जो वर्ष 2014 और 2015 में विदेश में मालदीव प्रोफेशनल लीग में दो बार खेली। वह टूर्नामेंट में टॉप स्कोरर और सर्वोत्तम खिलाड़ी बनीं।

4. सुश्री बेमबेम देवी ने, प्रतिस्पर्धी फुटबॉल से रिटायर होने के बाद हेड कोच कम कैप्टन के तौर पर कोचिंग करियर शुरू किया और अनेक टूर्नामेंटों में भाग लिया जैसे प्रथम इंडियन वीमेन लीग 2016–2017 (विजेता); 22वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप (विजेता) में मणिपुर राज्य की टीम की कोच; द्वितीय आईडब्ल्यूएल 2018 की कोच (उपविजेता); अंडर–15 गर्ल्स दक्षिण एशियाई फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप 2018 (विजेता) की असिस्टेंट कोच; दक्षिण एशियाई फुटबॉल फेडरेशन अंडर–16 गर्ल्स चैंपियनशिप 2019 की असिस्टेंट कोच क्वालीफायर्स राउंड 1, 2018 (उपविजेता); तृतीय आईडब्ल्यूएल 2019 (उपविजेता) की मैनेजर; 25वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2019 (विजेता) में मणिपुर राज्य की टीम की कोच; अंडर–17 महिला चैंपियनशिप 2019 की चीता टीम की हेड कोच बनीं।

5. सुश्री ओइनम बेमबेम देवी को अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। उन्हें 2001 और 2013 में दो बार वर्ष की एआईएफएफ खिलाड़ी घोषित किया गया है तथा उन्हें मणिपुर राज्य का वर्ष 2001 और 2014 का सर्वोत्तम फुटबॉलर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। भारत सरकार ने 2017 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।